Date ________ 1.

सं० अभ्यास कार्य - 1
हिंदी
XII

15 मार्च - 15 अप्रैल

काव्य - जयशंकर प्रसाद, निराला
गद्य - प्रेमघन की छाया स्मृति

जयशंकर प्रसाद - कार्नेलिया का गीत, देवसेना का गीत

1. 'उड़ते खग' और 'बरसाती आँखों के बादल' में क्या विशेष अर्थ व्यंजित होता है?

2. 'जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा' - पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

3. 'कार्नेलिया का गीत' के आधार भारत की प्राकृतिक व भारतीयों की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

4. काव्य सौंदर्य स्पष्ट करें -

क. हेम कुंभ ले उषा सवेरे - भरती ढुलकाती सुख मेरे
मदिर ऊँघते रहते जब - जग कर रजनी भर तारा

x x x

ख. भ्रमित स्वप्न की मधुमाया में
गहन-विपिन की तरु छाया में
पथिक उनींदी श्रुति में किसने
यह विहाग की तान उठाई

निराला

सरोज स्मृति, गीत गाने दो मुझे

## सरोज - स्मृति

1. सरोज के नव वधू रूप की शकुंतला के साथ क्या समानता है ?

2. निराला नें जिस प्रकार अपनी पुत्री का विवाह किया आज के संदर्भ में उसकी प्रासंगिकता बताइए

3. निराला ने अपनी पुत्री का तर्पण किस प्रकार किया ?

## गीत गान दो मुझे

1. 'गीत और गाने का भाव' दु:ख और निराशा से लड़ने की शक्ति देते हैं' — कविता के आधार पर सिद्ध करो।

2. निराला ने 'ठग - ठाकुरों' के द्वारा किसकी ओर संकेत किया है ?

3. पंक्तियों का आशय स्पष्ट करें —
 क. शृंगार रहा जो निराकार
 ख. भर गया है ज़हर से
 संसार जैसे हार खाकर

## गद्य

### प्रेमघन की छाया स्मृति —
रामचंद्र शुक्ल

1. लेखक (शुक्लजी) के मन में बचपन में भारतेंदु जी के संबंध में कैसी भावना जगी और क्यों ?

अगला पृष्ठ

Date ______ 8

2. प्रेमघन के भाषा के संबंध में क्या विचार थे ?

3. पाठ के आधार पर प्रेमघन के व्यक्तित्व का वर्णन कीजिए ।

निबंध - लगभग - (350-400 शब्द)

प्रकृति का संरक्षण : मानव जाति की रक्षा

विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए

—*—